जकुआर ग्रुप ने भिवाड़ी में किए 150 करोड़ निवेश

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर

जकुआर ग्रुप ने अपने मैनुफैक्चरिंग फुटप्रिंट संगठित करके अपनी लीडरशिप की स्थिति को मजबूत किया है।

यह समूह भिवाड़ी, राजस्थान में अपने मैनुफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार के लिए 150 करोड़ रु. का निवेश कर रहा है। इस प्लांट के द्वारा उत्पादन शुरू हो जाने के बाद जकुआर ग्रुप दुनिया में सबसे बड़ी बाथ फिटिंग मैनुफैक्चरिंग सुविधाओं में से एक बन जाएगा, जिसकी उत्पादन क्षमता एक लाख बाथ फिटिंग प्रतिदिन की होगी।



राजेश मेहरा, प्रमोटर एवं डायरेक्टर, जकुआर ग्रुप ने कहा कि राजस्थान हमेशा से जकुआर ग्रुप के लिए मुख्य बाजार है, फिर चाहे इसके विनिर्माण या इनोवेशन की बात हो, वितरण की या फिर सेल्स तथा स्टेकहोल्डर्स के साथ इंगेजमेंट की। भिवाड़ी में हमारी सुविधा के विस्तार के कदम से दुनिया के लिए भारत में विश्वस्तरीय उत्पाद निर्मित करने का समूह का विजन प्रदर्शित होता है। इससे हमें वित्त वर्ष 2017-18 तक 3500 करोड़ रु. का टर्नओवर हासिल करने में मदद मिलेगी।